प्रेस विज्ञप्ति

01 जुलाई 2021

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन गुरु श्री गोरखनाथ ब्लड बैंक मे किया गया।

समर्पित स्वतंत्रता सेनानी, प्रबुद्ध चिंतक, प्रसिद्ध समाज सेवी, ख्यातिप्राप्त शिक्षाविद् व साहित्यकार, सिद्ध चिकित्सक एवं कुशल राजनीतिज्ञ, भारत रत्न डॉ बिधान चंद्र राय जी की आज जयंती भी है और पुण्यतिथि भी। आधुनिक बंगाल के शिल्पकार बिधान बाबू की स्मृति में यह दिन राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के रूप में मनाया जाता है। ये बाते ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने बतायी, और कहा की कोरोना के कारण उपजे भीषण स्वास्थ्य-संकट को हरने में सर्वाधिक सराहनीय एवं श्रमशील भूमिका निभाकर हम सबको भयमुक्त करने वाले सभी चिकित्सकों का आज इस विशेष दिवस पर अशेष आभार। देश के बड़े अस्पतालों में बेतहाशा भीड़ और भयंकर दवाब के बीच अपनी सजग-सतर्क सेवा देने वाले चिकित्सकों से लेकर सुदूर ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्रों पर अपनी निजी सुविधा-असुविधा से ऊपर उठ चुके प्रतिबद्ध चिकित्सकों तक सबकी भूमिका प्रणम्य है ! ईश्वर आप सभी को अधिक से अधिक आरोग्य तथा अधिकतम प्राणरक्षा सुनिश्चित करने का अपूर्व यश प्रदान करें।

डॉक्टर भगवान का रूप होते है इस कथन को मूल रूप देता है डॉक्टरों द्वारा रक्त दान करके गंभीर रोगियों के प्राणो की रक्षा करना। रक्त की अवश्यकता पड़ने पर मरीज के परिजन रक्त देते है या स्वरक्तदाताओं द्वारा किया गया रक्तदान से रोगियों के प्राणो की रक्षा होती है।

हमारे गोरखपुर शहर और देश के कोने कोने मे डॉ भी रक्त दान करके मरीजों के इलाज के साथ साथ रक्त की आपूर्ति भी करते है।इसी तरह गोरखनाथ ब्लड बैंक मे डॉक्टर की एक लम्बी सूची है जो समय -समय पर रक्त दान करते रहते है।जैसे डॉ एन. के. जायसवाल, डॉ शशांक ओझा, डॉ विनीता ओझा, डॉ श्याम बाबू गुप्ता, डॉ दीपक खेतान,डॉ आशीष गोयल, डॉ राकेश सिंह, डॉ दिवाकर मिश्रा, डॉ राकेश

तिवारी, डॉ अशोक सिंह इत्यादि,आज इस अवसर पर लगभग 10 स्वरक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया इस दौरान कोविद प्रोटोकॉल का पूर्णतया अनुपालन हुआ ब्लड बैंक ने सभी को सम्मानित किया एवं आभार व्यक्त किया